म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्र./बी–6/नि./नाफेड/561/1199 भोपाल, दिनांक 29/01/2019

प्रति,

भारसाधक/सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
.... जिला......................(समस्त)

विषयः–समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत उपार्जित कृषि जिन्सो की डिलेवरी के अनुज्ञापत्र जारी करने बावत।

संदर्भः–शाखा प्रबंधक,नाफेड का पत्र कमांक/इंदौर/अनुज्ञा–पत्र/18–19 दिनांक 17.1.2019

रबी सीजन–2018 मे भारत सरकार की प्राईज सपोर्ट स्कीम मे अन्तर्गत मध्यप्रदेश के विभिन्न केन्द्रो पर मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित/मध्यप्रदेश सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के माध्यम से नेफेड खाते मे मूंग, उड़द, चना, मसूर एवं सरसो की खरीदी की गई है।

2/ राज्य सरकार के द्वारा उपरोक्त प्राईज सपोर्ट स्कीम के अन्तर्गत कृषि जिन्सो की खरीदी पर मण्डी फीस एवं निराश्रित सहायता राशि छूट के लिए अण्डरटेकिंग दी गई है।

3/शाखा प्रबंधक नेफेड इंदौर के द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान मे नेफेड द्वारा कृषि उपज का विक्रय प्रारम्भ कर दिया गया है। विभिन्न केन्द्रो से स्कंध डिलीवरी के समय मण्डियो के द्वारा अनुज्ञापत्र जारी किये जाते समय निराश्रित सहायता राशि की मांग की जा रही है। राज्य शासन स्तर पर निराश्रित सहायता राशि छूट के संबंध मे निर्णय विचाराधीन है। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित सहायता राशि मे छूट नही दिये जाने की स्थिति मे नेफेड द्वारा क्रय किये गये स्कंध पर निराश्रित सहायता राशि जमा करने के संबंध मे अण्डरटेंकिग दी गई है। पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

4/ अतः उपरोक्तानुसार, नेफेड खाते मे क्रय की गई मूंग, उड़द, चना, मसूर एवं सरसो के स्कंध के निगर्मन हेतु तदानुसार अनुज्ञापत्र जारी किये जाये एवं संदेय मण्डी फीस एवं निराश्रित सहायता राशि की गणना कर पृथक से रिकार्ड संधारित किया जाये।

संलग्न – उपरोक्तानुसार

29/1/19

(फैज़ अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

letter

क्र./बी–6/नि./नाफेड/561/1200 भोपाल, दिनांक 29/01/2019

प्रतिलिपि :–

(1) प्रमुख सचिव, म0प्र0 किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग।

(2) प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड।

(3) प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य सहकारी विपणन संघ।

(4) शाखा प्रबंधक, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन सघ मर्यादित (नेफेड), तीसरा माला, आईडीए, बिल्डिंग, 13/14, जवाहर मार्ग, इंदौर।

(5) संयुक्त/उप संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय (समस्त)।

(6) गार्ड फाइल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

NAFED
60 Years in Service

JD (Bunn)

क्रमांक/इन्दौर/अनुज्ञा–पत्र/18–19/ दिनांक–17.01.2019

प्रति,

प्रबन्ध संचालक सह आयुक्त,
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन,
भोपाल ।मध्यप्रदेश।

::अत्यन्त आवश्यक::

विषयः– समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत उपार्जित कृषि जिन्सों की डिलेवरी के अनुज्ञा–पत्र जारी करने विषयक् ।
संदर्भः– इस कार्यालय का पत्र दिनांक–15.09.2019 के संदर्भ में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि रबी सीजन–2018 में भारत–सरकार की समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के विभिन्न केन्द्रों पर म.प्र.राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित/म.प्र.सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के माध्यम से नेफेड खाते में मूंग,उड़द,चना,मसूर एवं सरसों की खरीदी की गई हैं । भारत–सरकार की समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत कृषि जिन्सों की खरीदी पर लगने वाले मंडीशुल्क एवं निराश्रितशुल्क छूट के लिए राज्य सरकार द्वारा अंडरटेंकिग की दी गई थी ।

वर्तमान में नेफेड द्वारा कृषि जिन्सों का विकय प्रारंम्भ कर दिया गया हैं । विभिन्न केन्द्रों से स्कन्ध की डिलवेरी के समय मंडी समितियों द्वारा जारी किये जाने वाले अनुज्ञा–पत्र के समय निराश्रितशुल्क की मांग की जा रही हैं । भोपाल प्रवास के दौरान आपसे हुई चर्चा के दौरान आपके द्वारा अवगत कराया गया था कि निराश्रित शुल्क छूट के संबंध में राज्य शासन स्तर पर अभी निर्णय नहीं हुआ हैं । अतः नेफेड द्वारा निराश्रित शुल्क के संबंध में अंडर टेंकिग दी जाए ।

उक्त संदर्भ में आपको अवगत कराना हैं कि यदि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित शुल्क में छूट नही दी जाती है, तो नेफेड, इन्दौर शाखा द्वारा अपने मुख्यालय को उक्त संदर्भ में अवगत कराते हुए निराश्रित शुल्क भुगतान की कार्यवाही की जाएगी ।

अतः आपसे अनुरोध हैं कि समस्त मंडी समितियों को उक्त संदर्भ में अवगत कराने का कष्ट करें, जिससे कि मंडी अनुज्ञा–पत्र जारी करने में कठिनाई उत्पन्न न हो ।
धन्यवाद ।

भ व दी य,

।अभिषेक कुमार।
शाखा प्रबन्धक

प्रतिलिपिः–प्रमुख सचिव। कृषि। मध्यप्रदेशशासन, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

191

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड)
NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LTD.
Address: 3rd Floor, IDA Building, 13/14, Jawahar Marg, Indore-452007
Tel: 0731-2363612,2363611, Fax No.:
Email:nafedind@gmail.com, nafind@nafed-india.com, Web:www.nafed-india.com, Twitter:@nafedindia